# RAF SECTOR
## NEWS CLIP
## 02/02/20

**TO SERVE HUMANITY WITH SENSITIVE POLICING**

**Ranchi express Lohardaga (JKD)**

रांची एक्सप्रेस
रांची, रविवार, 02 फरवरी, 2020
गुमला/लोहरदगा/सिमडेगा

# शांति और सौहार्द बनायें लोग, अशांति नहीं होगा गारंटी हमारी : रैपिड एक्शन फोर्स



शहर में फ्लैग मार्च करते रैपिड एक्शन फोर्स के जवान व पदाधिकारी



रैफ के उप कमांडेंट राकेश कुमार से स्थिति का जायजा लेते एसपी व अन्य

लोहरदगा (संवाददाता) : लोहरदगा में अमन-चैन बहाल करने में रैफ के जवानों की बड़ी भूमिका रही है। सी 106 बटालियन रैपिड एक्शन फोर्स जमशेदपुर के जवानों द्वारा 1 फरवरी को उप कमांडेंट राकेश कुमार की अगुवाई में सदर थाना क्षेत्र में फ्लैग मार्च किया गया। मार्च शहर के सभी प्रमुख इलाकों से गुजरा। इस दौरान प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों ने सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। फ्लैग मार्च में एसपी प्रियदर्शी आलोक, एसडीओ ज्योति झा, डीएसपी बबन, द्वितीय कमान अधिकारी विनोद कुमार और सहायक अमरकांत कुमार, आइआरबी पुलिस उपाधीक्षक अजीत हुसैन समेत बड़ी संख्या में रैपिड एक्शन फोर्स के जवानों ने पैदल मार्च किया। मार्च थानारोड से शुरू होकर कुरैशी मुहल्ला, अमला टोली, बड़ा तालाब, गुदड़ी, अपर बाजार, बरवा टोली, सिनेमा हॉल, पावरगंज चौक, शैली नगर, बरवा टोली, अजय उद्यान, ईदगाह, निधि कॉम्प्लेक्स, दुपट्टा चौक, झालजमीरा, होते हुए शहर के सभी प्रमुख मार्गों-गलियों से गुजरा। रैपिड एक्शन फोर्स और अन्य बलों के द्वारा किए लगातार किये जा रहे फ्लैग मार्च से शहर के सभी इलाकों में शांति व्यवस्था कायम हुई है। सभी उपद्रवियों में पुलिस का खौफ 20 साफ देखा जा रहा है। तथा नागरिकों में पुलिस के प्रति विश्वास कायम हुआ है। जिस कारण शहर में नागरिकों का जनजीवन सामान्य हुआ है। फ्लैग मार्च के दौरान अधिकारियों ने लोगों से शांति और सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाने की अपील की। मौके पर रैपिड एक्शन फोर्स के उप कमांडेंट राकेश कुमार ने कहा कि किसी के बहकावे या अफवाहों में नहीं आए। लोहरदगा वासी अपनी सौहार्द बनाए रखें ऐसा नहीं होगा गारंटी हमारी है। साथ ही बताया गया कि सोशल मीडिया व्हाट्सएप, फेसबुक, ट्विटर पर किसी भी प्रकार के साम्प्रदायिक, जातीय, धार्मिक, विधि-व्यवस्था को भड़काने वाले पोस्ट को शेयर या फॉरवर्ड न करें। बीते दिनों से ज्यादा आज दुकानें खुली रही तथा लोग भी सड़कों पर नजर आए। इस दौरान शांतिपूर्ण तरीके से दुकानों से रोजमर्रा की जरूरतों का सामान लेते नजर आए।

**Freedom fighter Lohardaga (JKD)**

# शांति और सौहार्द बनाये लोग, दंगा नहीं होगा, गारंटी हमारी : राकेश

संवाददाता

लोहरदगा : लोहरदगा में अमन-चैन बहाल करने में रैफ के जवानों की बड़ी भूमिका रही है। सी 106 बटालियन रैपिड एक्शन फोर्स जमशेदपुर के जवानों द्वारा 1 फरवरी को उप कमांडेंट राकेश कुमार की अगुवाई में सदर थाना क्षेत्र में फ्लैग मार्च किया गया। मार्च शहर के सभी प्रमुख इलाकों से गुजरा। इस दौरान प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों ने सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। फ्लैग मार्च में एसपी प्रियदर्शी आलोक, एसडीओ ज्योति झा, डीएसपी बबन, द्वितीय कमान अधिकारी विनोद कुमार और सहायक अमरकांत कुमार, आइआरबी पुलिस उपाधीक्षक अमीश हुसैन समेत बड़ी संख्या में रैपिड एक्शन फोर्स के जवानों ने पैदल मार्च किया। मार्च पावरगंज से शुरू होकर कुरैशी मुहल्ला, अमला टोली, बड़ा तालाब, गुदड़ी, अपर बाजार, बरवा टोली, मेनका सिनेमा हॉल, पावर गंज चौक, तेगी नगर, बरवा टोली, अजय उद्यान, ईदगाह, निधि कांप्लेक्स, दुण्डु चौक, ब्राह्मणडीहा, होते हुए शहर के सभी प्रमुख मार्गों-गलियों से गुजरा। रैपिड एक्शन फोर्स और अन्य बलों के द्वारा किए लगातार किये जा रहे फ्लैग मार्च से शहर के सभी इलाकों में शांति व्यवस्था कायम हुई है। वहीं उपद्रवियों में पुलिस का खौफ 20 साफ देखा जा रहा है। तथा नागरिकों में पुलिस के प्रति विश्वास कायम हुआ है। जिस कारण शहर में नागरिकों का जनजीवन सामान्य हुआ है। फ्लैग मार्च के दौरान अधिकारियों ने लोगों से शांति और सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाने की अपील की। मौके पर रैपिड एक्शन फोर्स के उप कमांडेंट राकेश कुमार ने कहा कि किसी के बहकावे या अफवाहों मे नहीं आए। लोहरदगा वासी आपसी सौंदर्य बनाए रखें दंगा नही होगा गारंटी हमारी है। साथ ही बताया गया कि सोशल मीडिया व्हाट्सएप, फेसबुक, ट्वीटर पर किसी भी प्रकार के साम्प्रदायिक, जातीय, धार्मिक, विधि-व्यवस्था को भड़काने वाले पोस्ट को शेयर या फॉरवर्ड न करें। बीते दिनों से ज्यादा आज दुकानें खुली रही तथा लोग भी सड़कों पर नजर आयें। इस दौरान शांतिपूर्ण तरीके से दुकानों से रोजमर्रा की जरूरतों का सामान देते नजर आयें।



Prabhat Khabar, Lohardaga (JKD)

### शनिवार को जिले में कर्फ्यू में सात घंटे की दी गयी ढील

# पटरी पर लौट रही है जिंदगी



शहर में प्रबुद्ध लोगों के साथ संपर्क करते पुलिस अधिकारी.



कर्फ्यू में ढील के दौरान पावरगंज चौक पर तैनात सुरक्षा कर्मी. • फोटो | प्रभात खबर

**प्रतिनिधि** ▷ लोहरदगा

जिले में 23 जनवरी की घटना के बाद जारी शनिवार को 10वें दिन कर्फ्यू में सुबह 8:30 बजे से 12 बजे तक तथा दो बजे से शाम पांच बजे तक छूट दी गयी. कर्फ्यू में ढील दिये जाने से लोग अपने जरूरत के सामान की खरीदारी किये. कर्फ्यू में छूट की अवधी में लोग एटीएम से पैसे की निकासी भी करते देखे गये. लगातार कर्फ्यू और दो दिनों बैंक बंद से लोगों के पास नगदी की समस्या उत्पन्न हो रही थी. एटीएम में पैसा डालने के बाद लोगों द्वारा निकासी की गयी. इसके बाद लोग अपने जरूरत का समान खरीदे. इधर जिले में जनजीवन समान्य होने लगा है. पुलिस और जिला प्रशासन लोगों से अपील कर रही है कि शांति व्यवस्था बनाने में प्रशासन का सहयोग करें. अफवाह पर ध्यान न दें और माहौल को सद्भावना पूर्ण बनायें. स्कूल- कॉलेज एवं कार्यालय खुले रहने के बाद आम जनजीवन सामान्य होने लगा है. हालांकि 23 जनवरी को पथराव और आगजनी की जानकारी के बाद अभी भी गांव-देहात के लोग शहर आने से परहेज कर रहे हैं. जिन्हें आवश्यकता पड़ रही है वही शहर पहुंच रहे हैं. जल्दी-जल्दी अपना काम निपटा कर अपने घर जाने के लिए व्यस्त नजर आ रहे हैं. पुलिस प्रशासन ने शहर के विभिन्न चौक-चौराहों पर गश्ती तेज कर दी है. इधर स्थिति सामान्य होने और प्रशासन द्वारा स्कूल-कॉलेज खोलने के आदेश दिये जाने के बाद एक फरवरी को स्कूल-कॉलेजों में थोड़ी चहल-पहल दिखी. सरकारी दफ्तर खुले, बैंकों की हड़ताल के कारण ज्यादातर बैंक बंद रहे. इस बीच जिले में अशांति फैलाने की कोशिशों की सूचना पर प्रशासन सतर्क और सक्रिय रहा. रैपिड एक्शन फोर्स लोहरदगा की सड़कों पर मार्च करते नजर आ रही है. आम आवाम से शांति और समरसता कायम करने के लिए आगे आने की अपील की जा रही है. रैपिड एक्शन फोर्स जमशेदपुर सी- 106 बटालियन की महिला और पुरुष यूनिट महत्वपूर्ण जगहों पर तैनात की गयी है. रैफ के उप कमांडेंट राकेश कुमार ने बताया कि सरस्वती पूजा के उपरांत प्रतिमा विसर्जन के दौरान शांति व्यवस्था को देखते हुए संवेदनशील स्थानों पर फ्लैग मार्च किया गया. लोहरदगा थाने से कुरैशी मोहल्ला, अमला टोली अंजुमन मोहल्ला, नेताजी सुभाष चौक, आंबेडकर नगर, तैगी नगर, बरवा टोली, थाना चौक, अजय उद्यान, न्यू रोड, पतरटोली आदि जगहों पर रैफ के जवान मार्च करते दिखे. जिन घरों और संस्थानों में सरस्वती पूजा हुई है, वहां जवानों ने प्रशासन द्वारा निर्धारित समय पर मां सरस्वती की प्रतिमा विसर्जन के लिए लोगों को प्रेरित किया. कमांडेंट राकेश कुमार ने कहा कि लगातार रैफ द्वारा किये जा रहे फ्लैग मार्च के कारण लोगों में प्रशासन और पुलिस के प्रति विश्वास कायम हुआ है. असामाजिक और अराजक तत्व अपनी कारगुजारियों को अंजाम नहीं दे सकते. फ्लैग मार्च में उपायुक्त आकांक्षा रंजन, पुलिस कप्तान प्रियदर्शी आलोक भी कुछ जगहों पर शामिल हुए. आम नागरिकों से अधिक संख्या में एक जगह इकट्ठा नहीं होने की अपील की. बहकावे में नहीं आने और अफवाह नहीं फैलाने को कहा.

## Prabhat Khabar, Lohardaga (JKD)

# कैमरे की नजर में कर्फ्यू का 10वां दिन



चौक-चौराहों पर तैनात दंडाधिकारी व पुलिस पदाधिकारी.



शहर में मार्च करते रैफ के जवान.



हर ओर नजर रखे हुए हैं सुरक्षाकर्मी.



शांति बहाल करने में जुटी है रैफ की महिला बटालियन.



शहर में स्थिति का जायजा लेते पुलिस कप्तान.



कड़ी सुरक्षा के बीच हुआ प्रतिमा का विसर्जन.

# Photos of Deployment/ Fam-Ex Of RAF










सी0आर0पी0एफ0 सदा अजेय, भारत माता की जय।